त्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

विश्व फोटोग्राफी दिवस पर राज्यपाल ने फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

सौ शब्दों में कही बात केवल एक फोटो कह देती है-राज्यपाल

लखनऊः 19 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर द यूथ जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा आर्ट गैलरी, अलीगंज में आयोजित फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि फोटोग्राफी का बहुत महत्व है। कभी-कभी सौ शब्दों में कही बात केवल एक फोटो कह देती है। लोकसभा या विधान सभा में एक छोटा सा अवसर फोटो के माध्यम चर्चा का विषय बन जाता है। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी वास्तव में वह शक्ति है जो समाज तक एक संदेश लेकर जाती है।

श्री नाईक ने कहा कि फोटोग्राफी एक कला है, जिसमें उचित समय का बहुत महत्व है। विज्ञान की प्रगति से फोटोग्राफी के क्षेत्र में अत्यन्त प्रगति हुई है। डिजिटल के इस दौर में मोबाइल फोन के माध्यम से हर व्यक्ति फोटोग्राफी करता है। प्रदर्शनी के माध्यम से नये फोटोग्राफरों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस कला को कैसे आगे बढ़ाया जाये इस पर विचार करने की जरूरत है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ फोटोग्राफर श्री सुबीर राय ने विश्व फोटोग्राफी दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला तथा त्रिलोचन सिंह कालरा ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विकास बाबू राज्यपाल का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान भी किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (294/24)